## सनफीस्ट यिप्पी ने नूडल्स कें अनोखे और स्वादिष्ट रूप में किया पेश

**आरा/संवाददाता।** पुरी में रथ यात्रा के अवसर पर सनफीस्ट यिप्पी ने बारो मासा, यिप्पी परबा के जरिए ओडिशा की शानदार खान-पान की विरासत का जश्न मनाया। यह अपनी तरह का पहला सांस्कृतिक और खान-पान का अनुभव था, जो राज्य की मशहूर सोच बारो मासा, तैरो परबा से प्रेरित था। यिप्पी नूडल्स की खासियत को दिखाते हुए, इस कैंपेन ने ओडिशा के सबसे पसंदीदा त्योहारों वाले व्यंजनों को नए और अनोखे नूडल डिश में बदला, जिससे ग्राहकों को जाने-पहचाने स्वाद का एक ओर नया अनुभव मिला। इस जश्न को और खास बनाते हुए, मास्टरशेफ सीजन 6 के विजेता अविनाश नायक ने विज़िटर्स से बातचीत की और खास तौर पर तैयार की गई यिप्पी डिशेज पेश कीं।

## सोमनाथ यात्रा के दौरान ट्रेन में मनाया गया 'हम' का स्थापना दिवस, कार्यकर्ताओं ने काटा केक

**सिमरी/सं।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी का स्थापना दिवस गुजरात के सोमनाथ की यात्रा के दौरान ट्रेन में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में झोपड़ी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता पासवान, अनिल रजक, हरेंद्र जी, अभिषेक पांडे, दुर्गा देवी, दिनानाथ ठाकुर, दिनेश सिंह सहित एनडीए के कई साथी और हम पार्टी के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। सभी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान नेताओं ने कहा कि पार्टी लगातार संगठन विस्तार, जनहित के मुद्दों और सामाजिक सरोकारों को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता से संगठन को और मजबूती मिलेगी। ट्रेन में आयोजित यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द, उत्साह और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ।

## युवा उत्सव व 15 अगस्त के सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

**बक्सर/सं।** जिला पदाधिकारीश्रीमती साहिलाकी अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कला एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा उत्सव कार्यक्रम, 15 अगस्त को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला पदाधिकारी नेजिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, बक्सरको युवा उत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरानअटल कला भवनके निर्माण कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सरको निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।बैठक मेंआम्रपाली केन्द्रमें अधिक से अधिक नामांकन कराने,गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने का अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

## सिमरी मध्य में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अनिल राय का हमला, परिसीमन पर भी उठाये सवाल

**सिमरी/सं।** सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता अनिल राय 'भैया जी' ने सिमरी मध्य क्षेत्र के जिला परिषद प्रतिनिधियों पर कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं का पूरा हिसाब जनता के सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और जनता के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए।अनिल राय ने दावा किया कि क्षेत्र की जनता वर्तमान जनप्रतिनिधियों के कार्यों से संतुष्ट नहीं है। उनके अनुसार, यदि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव होते तो संबंधित प्रतिनिधियों को जनता का समर्थन नहीं मिलता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में हुए सरकारी परिसीमन के कारण चुनावी समीकरण बदल गए हैं, जिससे संबंधित प्रतिनिधियों को फिलहाल राजनीतिक राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सिमरी मध्य की जनता विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देती है तथा लोकतंत्र में अंतिम निर्णय मतदाता ही करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता विकास और जनहित के मुद्दों के आधार पर अपना फैसला सुनाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना चाहिए और क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

## युवा भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश पांडेय के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**बक्सर/सं।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बक्सर के जिलाध्यक्ष अविनाश पांडेय के सफल दायित्व का एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा एवं भाजयुमो के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा ने संगठनात्मक स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। एक वर्ष के दौरान संगठन बूथ स्तर तक अधिक सशक्त और सक्रिय हुआ है। युवाओं को संगठन से जोड़ने, जनसंपर्क अभियानों को गति देने तथा पार्टी के कार्यक्रमों के सफल संचालन में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नेताओं ने दावा किया कि अविनाश पांडेय के नेतृत्व और संगठनात्मक कौशल का सकारात्मक प्रभाव चुनावी प्रदर्शन में भी देखने को मिला, जिसके तहत बक्सर सदर विधानसभा सहित जिले की चार में से तीन विधानसभा सीटों पर एनडीए को जीत मिली। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन आगे भी नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता विमल सिंह, रूपेश दुबे, सतेंद्र कुमार, धीरज पाठक, मधु यादव, अनूप वर्मा, सूर्यभान सिंह, शिवम कुमार, सुशांत सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिहार विधानसभा में छात्रों की आवाज बने विधायक आनंद मिश्र, परीक्षा केंद्र 100 किमी के दायरे में देने की मांग

**बक्सर/सं।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में बक्सर के विधायक आनंद मिश्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से परीक्षा केंद्र आवंटन की व्यवस्था में बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में आयोजित सभी प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं के केंद्र अभ्यर्थियों के गृह क्षेत्र अथवा अधिकतम 100 किलोमीटर के दायरे में ही आवंटित किए जाएं। विधायक ने सदन में कहा कि दूरअस्थल परीक्षा केंद्र मिलने से छात्रों एवं उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। लंबी दूरी की यात्रा के कारण समय की बबार्दी, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिसका सबसे अधिक असर छात्राओं पर पड़ता है। उन्होंने सरकार से छात्रहित में ऐसी नीति बनाने का आग्रह किया, जिससे परीक्षार्थियों को सुविधा और सुरक्षा दोनों मिल सके। आनंद मिश्र की इस मांग का छात्रों और अभिभावकों ने स्वागत करते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल बताया।

## श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न

**बक्सर/सं।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव स्थल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तृतीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पूज्य महंत श्री राजाराम शरण जी महाराज की आज्ञा एवं आशीर्वाद से किया जा रहा है। कथा का प्रवचन परम पूज्य गुरुदेव श्री नारायण दास भक्तमाली श्री मामा जी महाराज, बक्सर वाले के परम शिष्य पूज्य श्याम चरण दास जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। तृतीय दिवस की कथा में भगवान के दिव्य स्वरूप, भक्ति की महिमा तथा मानव जीवन में धर्म, सदाचार और सत्संग के महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को ईश्वर से जोड़ने वाला दिव्य मार्ग है। इसके श्रवण से मनुष्य के जीवन में शांति, सद्बुद्धि और आध्यात्मिक जागरण का संचार होता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोष से पूरा कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन कथा में शामिल होने की अपील की।

# छात्र आंदोलन को लेकर रेलवे स्टेशनों पर बढ़ायी गयी सुरक्षा, प्रशासन अलर्ट

**डुमरांव/बक्सर/सं।** छात्र आंदोलन को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। दिल्ली और पटना में हुए उग्र प्रदर्शन के बाद एहतियातन डुमरांव, बक्सर, चौसा, रघुनाथपुर सहित जिले के सभी स्टेशनों पर रेल पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। बक्सर स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार और रेल थानाध्यक्ष मणिचंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के करीब तीन दर्जन जवान सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। वहीं डुमरांव स्टेशन पर जीआरपी एसआई अखिलेश यादव और आरपीएफ एसआई बीएस ओझा के नेतृत्व में करीब दो दर्जन जवानों ने स्टेशन परिसर की निगरानी की। डुमरांव स्टेशन की संवेदनशीलता को देखते हुए हाजीपुर से एएसआई आनंद कुमार के नेतृत्व में दंगा निरोधक दस्ता भी रायट गियर और सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात किया गया था। जवानों ने पूरे दिन स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और यात्रियों की सुरक्षा पर नजर बनाए रखी। रेल प्रशासन ने बताया कि जिले के सभी रेलवे स्टेशन शांतिपूर्ण रहे और किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## छात्र-युवा राजद ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ किया प्रदर्शन



**डुमरांव/सं।** देश में हो रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में डुमरांव में छात्र एवं युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला । पैदल मार्च डुमरांव राजगढ़ से शुरू होकर पुराना नगर भवन पहुंचा । जहां पैदल मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की मांग के साथ उनका पुतला फुंका । पुतला फूकने के बाद एक सभा का आयोजन हुआ । जिसकी अध्यक्षता युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव ने किया । सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने देश में लगातार हो रहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक एवं शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी के अलावा केंद्र सरकार पर युवाओं के कैरियर के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया ।

## बक्सर : साबित खिदमत फाउंडेशन एंड हॉस्पिटल में फायर मॉकड्रिल, 100 लोगों को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण



**बक्सर/सं।** चीनी मिल स्थित साबित खिदमत फाउंडेशन एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मचारियों, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। फायर सेफ्टी विशेषज्ञों ने अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से बचाव करने के उपाय बताए। मॉक ड्रिल के दौरान लगभग 100 लोगों को अग्नि सुरक्षा के नियम, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया तथा दुर्घटना के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के बिहार प्रदेश सचिव डॉ. दिलशाद आलम ने कहा कि आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को फायर सेफ्टी के नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम में शहनवाज मीना, रानू प्रसाद, आस्था, अंजलि, सूरजी, बृजेश जायसवाल, हसीना, शहनवाज, सोनम, नासिर, राहुल सहित अस्पताल के चिकित्सक, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नीट में धांधली को लेकर बक्सर में उग्र हुए छात्र



**बक्सर/सं।** नीट पेपर में हुई धांधली को लेकर देशभर के छात्र उग्र हुए हैं इसी के मधे नजर बक्सर छात्र संगठन के तरफ से शुक्रवार की सुबह में ज्योति चौक गोलंबर पर धरना प्रदर्शन किया गया छात्रों द्वारा विरोध मार्च भी निकल गया छात्रों का कहना था कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता छात्रों पर जो अत्याचार हो रहा है उसे पर लगाम नहीं लगेगा पेपर लीक जो हो रहा है उसे पर लगाम नहीं लगेगा उसके लिए कोई ठोस नीति नहीं बनेगी तब तक हम लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा आपको बता दे की दिल्ली के जंतर मंतर पर छात्र संगठन के तरफ से इस मामले को लेकर काफी विरोध प्रदर्शन तो किया गया ही आगजनी और मारपीट भी की गई वहीं पटना में भी इस तरह का माजरा देखने को मिला कई जिलों में भी ऐसी घटना घटित हुई है बक्सर में भी 25 जुलाई को सभी संगठन से जुड़े विपक्षी दल से जुड़े छात्र संगठन विरोध प्रदर्शन करने वाले हैं जिसको लेकर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद है पिछले दो दिनों से हर चौक चौराहों पर दंगा नियंत्रण वाहन एवं फोर्स चाहे महिला हो या पुरुष हो ज्यादा रूप में तैनात हैं ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटित हो और अगर उग्र छात्र हो तो उन्हें कंट्रोल किया जा सके वैसे छात्रों का प्रदर्शन आज शांतिपूर्ण रहा छात्र नारेबाजी करते हुए दिखे।

## भूमि मापी नहीं होने के कारण परसिया गांव का पुल निर्माण अटका, ग्रामीणों में नाराजगी

**चक्की/सं।** चंदा पंचायत के परसिया गांव में प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य भूमि की मापी नहीं होने के कारण लंबे समय से शुरू नहीं हो सका है। इस संबंध में चंदा पंचायत युवा मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार ने अंचलाधिकारी, चक्की को आवेदन देकर शीघ्र भूमि मापी एवं सीमांकन कराने की मांग की है। उत्तम कुमार ने बताया कि पुल निर्माण स्थल की मापी के लिए पूर्व में भी अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण निर्माण कार्य लंबित है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद लोगों को जल्द काम शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन भूमि मापी नहीं होने से पूरी प्रक्रिया ठप पड़ी है। बरसात के मौसम में परसिया एवं आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# बक्सर में राज्यस्तरीय सब-जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य समापन

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**बक्सर/सं।** बिहार राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वावधान एवं जिला बैडमिंटन संघ, बक्सर के सहयोग से इंडोर बैडमिंटन हॉल (डंडोर स्टेडियम) में आयोजित 102वीं बिहार सब-जूनियर (अंडर-13 एवं अंडर-15) राज्य रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए जिला बैडमिंटन संघ एवं आयोजन समिति को बधाई दी। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में पटना, मुंगेर और गया के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स में पटना की गार्गी आर्या विजेता तथा इशनवी सिंह उपविजेता रहीं। अंडर-13 बॉयज सिंगल्स में पटना के अमूल कुमार ने मोतिहारी के ओजस पांडे को हराकर खिताब जीता। अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में गया की नेहा कुमार ने पटना की तनुजा आर्या को पराजित किया, जबकि अंडर-15 बॉयज सिंगल्स में मुंगेर के मोहम्मद असदुल्लाह विजेता और पटना के कृष्णा कुमार उपविजेता रहे। अंडर-13 बॉयज डबल्स में अमूल कुमार और किसलय कुमार की पटना की जोड़ी ने कृष्णा (बेतिया) और ओजस पांडे (मोतिहारी) की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## नीट पेपर लीक के विरोध में दिव्यांग संघ का प्रदर्शन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उठी मांग

**बक्सर/सं।** जिला दिव्यांग संघ के बैनर तले गुरुवार को स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते हुए नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश की परीक्षा प्रणाली और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना था कि लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े ऐसे मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने तथा छात्रों के हितों की रक्षा की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर प्रमोद केसरी, दिलीप राम, अभय पासवान, पप्पू जायसवाल, प्रिंस इदरीसी, विनोद जी, मुन्ना भैया, हरिशंकर सहित जिला दिव्यांग संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## 'हम' ने धूमधाम से मनाया 11वां स्थापना दिवस

**डुमरांव/सं।** जिला कार्यालय पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा( सेक्युलर) का 11 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । जिसमें पार्टी के पदाधिकारी सहित विभिन्न प्रखंडों से आए कार्यकताओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में शामिल कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की खुशी मनाई । वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पार्टी के मुख्य संरक्षक सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन के हाथों को मजबूत करने का संकल्प दुहराया । साथ ही पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की बात कही । इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, सदर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार पासवान सहित जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे ।

## मां मुंडेश्वरी चिल्ड्रन अस्पताल के निदेशक डॉ. पीके पांडे के पिताजी के श्राद्धक्रम में उपस्थित हुए अनेक लोग



**बक्सर/सं।** जिला मुख्यालय स्थित मां मुंडेश्वरी चिल्ड्रेन अस्पताल निदेशक मेजर डॉक्टर पीके पांडे के पूज्य पिताजी स्वर्गीय केदारनाथ पांडे जी के श्राद्ध क्रम में जिले के तमाम चिकित्सा, समाजसेवी ,राजनीतिक दल से जुड़े लोग साहित्यकार, भूतपूर्व सैनिक से जुड़े लोग मीडिया से जुड़े ब्यूरो चीफ पत्रकार उपस्थित रहे सभी लोगों ने दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। वही मौके पर उपस्थित साहित्यकार एवं कवि साबित रोहतास्वी ने अपने फनकार से दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगों ने कहा कि दिव्य आत्मा के आशीर्वाद से डॉक्टर पीके पांडे जी ने जो बुलंदी बक्सर में छुए है वह कामयाब रहे। ये यह ऐसे ही आगे बढ़ते रहें।

# पीएनबी, आरा मंडल ने एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का किया आयोजन



**आरा/सं।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन होटल आरा ग्रांड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख श्री उत्पल कुमार द्वारा की गई। क्लस्टर अप्रोच के अंतर्गत यह कार्यक्रम एक साथ सात स्थानों आरा, बक्सर, बिहिया, गिद्धा, भभुआ, कुदरा तथा अखोड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुँचाना था। इस आउटरिच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 244 लीड जेनरेट की कई, जिनकी अनुमानित राशि लगभग रु. 75 करोड़ रही तथा रु. 13.50 करोड़ की स्वीकृति दे दी गई। आरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक श्रीमती स्वाति सिंह, पीएलपी प्रमुख श्री अमित कुमार तथा जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) श्री विभूति पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

**UJJIVAN SMALL FINANCE BANK**

**उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक**

पंजीकृत कार्यालयः ग्रेप गार्डन, सं. 27, थर्ड "ए" क्रॉस, 18थ मेन, 6थ ब्लॉक, कोरामंगलम, बेंगलुरू-560095
क्षेत्रीय कार्यालयः उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक, ऋषि टेक पार्क, चौथी मंजिल, परिसर सं. 02-0360, प्लॉट नं. डीएच 6/2, एक्शन एरिया 1डी, न्यू टाउन, डाकघर राजरहाट, थाना-न्यू टाउन (पुराना राजरहाट), कोलकाता-700160

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के प्रावधानों के अधीन बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लि. के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्राप्त शक्तियों के प्रयोग द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार तथा बड़े पैमाने पर जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि बैंक की बकाया रकम की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित खाते में गिरवी पर रखी गई सम्पत्ति की यहां नीचे निर्धारित तारीख को **"जैसे है जहां है के आधार पर" तथा "जैसे है जो कुछ है के आधार पर"** सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि एवं निम्नलिखित तिथि को मांग रकम | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया रकम दिनांक 02-04-2026 की स्थिति के अनुसार | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य रु. में | बयाना राशि जमा (ईएमडी) रु. में (आरक्षित मूल्य का 10%) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली जमा की अंतिम तिथि | ईएमडी के भुगतान के लिए खाते का विवरण (ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 33522100 80000016 | **1. श्री अनुराग कुमार प्रसाद** पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद **2. क्वीन सिंगर घर एंड जनरल स्टोर** मालिक-अनुराग कुमार प्रसाद **3. सीमा** पत्नी अनुराग कुमार प्रसाद **4. बिंदेश्वरी प्रसाद** पुत्र ज्ञानचंद्र प्रसाद | 04-11-2023 रु. 9,25,036.07 दिनांक 31-10-2023 को | 14-02-2024 | रु. 12,62,284.30 | 07-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | रु. 10,01,000/- | रु. 1,00,100/- | 18-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | 17-08-2026 | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए |
| | **सम्पत्ति का विवरण/अनुसूचीः-** खाता सं. 14, सर्वे सं. 1415, मौजा-हातीसर, थाना-मरहौड़ा, थाना नं. 22, उप पंजीयन-मरहौड़ा, जिला-सारण में विंदेश्वरी प्रसाद के नाम पर स्थित लगभग 2 कट्ठा 11 धुर परिमाप की भूमि तथा उस पर सभी विकास का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। **चौहद्दीः पूर्व में:** मोती लाल शर्मा, **पश्चिम में:** विंदेश्वरी प्रसाद, **उत्तर में:** राघव शर्मा एवं नंद शर्मा, **दक्षिण में:** प्रेम चंद प्रसाद एवं गणेश प्रसाद। बिक्री विलेख सं. 2812 दिनांकः 14.10.2017 के मार्फत सम्पत्ति बिंदेश्वरी प्रसाद ऊर्फ विंदेश्वरी प्रसाद पाल यानी आप में से नं. 4 से संबंधित। | | | | | | | | | | |
| 2. | 33582101 80000021 | **1. ममता कुमारी** पत्नी महेश कुमार चौधरी **2. महेश कुमार चौधरी** पुत्र राम सहाय चौधरी **3. फुल कुमारी देवी** पत्नी राम सहाय चौधरी | 21-05-2022 रु. 1692510.27 दिनांक 21-05-2022 को | 19-10-2022 | रु. 25,11,839.64 | 07-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | रु. 2,96,000/- | रु. 29,600/- | 18-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | 17-08-2026 | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए |
| | **सम्पत्ति का विवरण/अनुसूचीः-** मौज़ा-लगमा, थाना-घटाहा, थाना नंबर 334, खाता नंबर 8 (पुराना) / 198 (नया), प्लॉट नंबर 171 (पुराना) (एमआई.) / 576 (नया) (एमआई), जिला-समस्तीपुर में स्थित जमाबंदी नंबर 291 वाली 13 धुर या 2.83 डिसमिल क्षेत्रफल परिमार की भूमि का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। **सीमाएँ: उत्तर में:** 10 फीट पीसीसी सड़क रोड; **दक्षिण में:** निज लेख्यकारी; **पूर्व में:** राम सहाय चौधरी; **पश्चिम में:** कच्ची सड़क। बिक्री विलेख नंबर-18715, तारीख़ 28.12.2019 के अनुसार यह जमीन फुल कुमारी देवी की है। | | | | | | | | | | |
| 3. | 35352100 80000003 | **1. रमेश विश्वकर्मा** पुत्र गनौरी विश्वकर्मा **2. श्रीमती किरण देवी** पत्नी रमेश विश्वकर्मा | 08-11-2023 रु. 5,79,236.98 दिनांक 30-11-2023 को | 22-02-2024 | रु. 11,49,744.49 | 07-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | रु. 11,57,000/- | रु. 1,15,700/- | 18-08-2026 को सुबह 10.00 बजे | 17-08-2026 | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के जरिए जमा की जानी चाहिए |
| | **सम्पत्ति का विवरण/अनुसूचीः-** मौज़ा-पाली, थाना-टेकारी, वर्तमान थाना-पाली, थाना नंबर-296, खाता नंबर 238/370, सर्वे प्लॉट नंबर-1749, ज़िला-गया में स्थित लगभग 2.85 डेसिमल क्षेत्रफल वाली जमीन के साथ उस पर किए गए सभी सुधार/निर्माण का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। **सीमाएँ: उत्तर में** - सड़क; **दक्षिण में** - किशोरी साह; **पूर्व में** - नंदलाल विश्वकर्मा; **पश्चिम में** - सत्यनंद मिश्रा; रमेश विश्वकर्मा (आपमें से नंबर 1), द्वारा डीएसआर, गया में 31.07.2019 को पंजीकृत साधारण बंधक विलेख के ज़रिए, जो वर्ष 2019 के लिए विलेख नंबर 13411 है, मालिकाना प्राप्त। | | | | | | | | | | |

**नियम एवं शर्तेंः-**
**नीलामी "जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है" तथा "वहां जो कुछ है" के आधार पर आयोजित की जाएगी।**

1. अधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई भी ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी पर रखी जाने वाली सम्पत्तियों के ऋणभार, शीर्षक तथा सम्पत्ति के संबंध में दावा/अधिकारों/बकाया/सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले तत्वों के संबंध में स्वतंत्र जांच करनी होगी। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की ओर से कोई प्रतिबद्धता अथवा कोई अभ्यावेदन का गठन नहीं करती है तथा गठन करने की कोई संभावना नहीं है। सम्पत्ति की बिक्री बैंक को ज्ञात अथवा अज्ञात सभी वर्तमान तथा भविष्य के ऋणभार के साथ की जाएगी। अधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली जमा करने के पहले सम्पत्ति एवं विनिर्देश के संबंध में निरीक्षण करने तथा स्वयं को संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी। प्रत्येक सम्पत्ति के विवरण के तहत उल्लेखित साइटों पर इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी के लिए रखी जाने वाली सम्पत्ति के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोलियां ऊपर उल्लेखित नीलामी की तारीख से एक दिन पहले अधोहस्ताक्षरित अधिकृत अधिकारी के समक्ष जमा करनी होगी।
4. **ई-नीलामी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता - मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. के माध्यम से संचालित की जाएगी। सम्पर्क व्यक्ति - श्री प्रभाकरण (मोब. नं. 74182-81709)। इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट पर सम्पत्ति के विवरण के लिए https://www.bankeauctions.com अथवा https://www.ujjivansfb.in/e-auctions देखने की सलाह दी जाती है तथा बोली में भाग लेने के लिए उन्हें अपने नाम https://www.bankeauctions.com पर पंजीयन कराना होगा तथा अपने यूजर आईडी तथा पासवर्ड निःशुल्क हासिल करें। प्रत्याशित बोलीदातागण सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हेल्पलाइन नं.-7291918824, 25, 26, सपोर्ट ईमेल आईडीः support@bankeauctions.com, नीलामी पोर्टलः https://www.bankeauctions.com.**
5. सम्पत्ति सर्वोच्च बोलीदाता/प्रस्तावकर्ता को बिक्री की जाएगी, जो प्रत्याभूत ऋणदाता यानी उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लि. द्वारा बोली स्वीकार किए जाने पर निर्भर है। हालांकि, अधोहस्ताक्षरी के पास आवश्यक समझे जाने पर परस्पर बोली लगाने की अनुमति प्रदान करने का एकल अधिकार है। अधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव/निविदा को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
6. सफल बोलीदाता की बयाना राशि जमा (ईएमडी) को बिक्री मूल्य के हिस्से के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। बयाना राशि जमा पर कोई भी ब्याज नहीं दिया जाएगा। अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य के स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के अंदर पहले से भुगतान की गई ईएमडी की रकम का समायोजन कर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत रकम सफल बोलीदाता को जमा करनी होगी तथा बिक्री के 15 दिन अथवा उससे पहले अथवा अधिकृत अधिकारी के विवेक पर लिखित रूप से अनुमत विस्तारित अवधि, जो किसी भी रूप में 3 महीने से अधिक नहीं होनी चाहिए, के अंदर बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत रकम का भुगतान करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा रकम का भुगतान करने में विफल होने पर पहले से जमा की गई रकम जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति को पुनः नीलामी पर रखी जाएगी एवं असफल क्रेता के पास सम्पत्ति/रकम के संबंध में कोई भी दावा/अधिकार नहीं होगा।
7. यह प्रकाशन लागू प्रमुख अनुच्छेद के अंतर्गत है।
8. बोलीदाताओं को निजी हित में अंतिम क्षण में बोली लगाने से बचना चाहिए, क्योंकि न तो उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी भी तरह की खराबी/समस्या (इंटरनेट की खराबी/बिजली की गड़बड़ी इत्यादि) के लिए जिम्मेदार होगा। इस तरह की आकस्मिक परिस्थितियों से बचने के लिए बोलीदाताओं से सभी तरह की आवश्यक/वैकल्पिक व्यवस्था यानी बिजली आपूर्ति का बैकअप इत्यादि की व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाता है, जिससे वे इस तरह की परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना कर सके एवं नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले पाए।

**यह गिरवी पर रखी गई सम्पत्तियों की बिक्री के लिए निर्धारित सार्वजनिक नीलामी के बारे में ऊपर नामित कर्जदारों/गारंटरों/गिरवीदाताओं के लिए भी सूचना है।**

तारीखः 25-07-2026
स्थानः बिहार

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक